# <u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

**31.01.2026** **11:00 बजे**

## <u>केन्द्रीय बजट</u>

वित्त् मंत्री निर्मला सीतारामन कल पहली फरवरी को लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा के पटल पर रखी जाएगी। वर्ष 2019 में वित्त मंत्री का कार्यभार सम्भालने के बाद यह निर्मला सीतारामन का लगातार नौवां बजट है। संसद में बजट भाषण सम्पन्नं होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। इस बीच देश के विभिन्न हिस्सों से आए महाविद्यालयों के लगभग तीस विद्यार्थियों को कल लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखने का अवसर मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने वक्तव्य में कहा है कि इससे विद्यार्थियों को वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही देखने का अवसर मिलेगा। ये विद्यार्थी भारत के विभिन्न राज्यों से वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों से संबंधित हैं। विद्यार्थी कर्तव्य भवन–1 स्थित वित्त मंत्रालय का दौरा भी करेंगे। इससे उन्हें मंत्रालय के कामकाज, नीति निर्माण प्रक्रियाओं और राष्ट्र निर्माण में संस्थानों की भूमिका को समझने का अवसर प्राप्तय होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन शाम को इन विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी और बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं, देश के भविष्य के लिए इसके दृष्टिकोण और युवाओं पर इसके प्रभावों पर चर्चा करेंगी।

## <u>विशेषाधिकार हनन</u>

मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान निर्धारित सरकारी प्रोटोकॉल का पालन न होने पर आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन का नोटिस सौंपा है। यह नोटिस हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यविधि एवं कार्य संचालन नियमावली के तहत प्रस्तुत किया गया है। अपने नोटिस में यादविंद्र गोमा ने उल्लेख किया है कि वह 25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में भाग लेने के लिए मंडी पहुंचे थे, लेकिन उनके आगमन के समय न तो उपायुक्त मंडी उपस्थित थे और न ही प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक सूचना या आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

<u>26 जनवरी का कार्यक्रम पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। माननीय मुख्यमंत्री ने मुझे मंडी जिला में झंडा फहराने के लिए नियुक्त किया गया था। वहां पर जब मैं पहुंचा तो सब लोग, सभी कार्यकर्ता, अधिकारी, एसपी, एडीसी, सारा स्टाफ जबकि उपायुक्त मंडी वहां पर मौजूद नहीं थे और उन्होंने मुझे इस विषय में कोई भी मैसिज कनवे नहीं किया था मैने अपने कुलिग से भी इस विषय पर बातचीत की और परिणाम यह निकला की उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जाए ताकि आने वाले समय में किसी के साथ भी ऐसा न हो।</u>

## <u>पंचायत</u>

प्रदेश की 3 हजार 5 सौ 77 पंचायतों का पांच साल का कार्यकाल आज पूरा हो रहा है। इसके बाद आज आधी रात के बाद प्रदेश की सभी पंचायतें अपने आप ही भंग हो जाएगी। प्रदेश में पहली बार फरवरी से पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की जगह दूसरी वैकल्पिक व्यव्सथा लागू होगी। लोकतंत्र की सबसे निचली

और सबसे अहम इकाई सरकार के अगले आदेशों के मुताबिक चलाई जाएगी। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने सरकार को मामला भेज है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान – क्षय मित्र के माध्यम से वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग से मुक्त करवाने का लक्ष्य अब हासिल होता नजर आ रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाया जा रहा यह कार्यक्रम, भारत की प्रमुख केंद्र प्रायोजित पहल है जो देश भर में टीबी की बीमारी को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाई जा रही अधिक बयोरे के साथ हमारे ऊना जिला के संवाददाता बाइट.....

*टीबी मुक्त ऊना के संकल्प को साकार करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष ऊना की सभी पंचायतों को क्षय रोग मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा है। आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ योजनाओं और व्यापक जन–भागीदारी के सहारे यह अभियान अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। जहां एक ओर स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से गांव–स्तर तक जागरूकता सुनिश्चित की जा रही है, वहीं घर–घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी टीबी के संभावित मरीजों की •–रे और बलगम जांच करने के उपरांत रोगियों के मुफ़्त इलाज की व्यवस्था करवा रहे हैं । अभियान के माध्यम से गत वर्ष लगभग 31 हजार संभावित रोगियों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 530 क्षय रोगियों की पुष्टि हुई है। शीघ्र पहचान, समयबद्ध उपचार और पोषण सहायता की मदद से ऊना जिला, क्षय रोग मुक्ति के लक्ष्य की ओर अग्रसर है ।*

*ऊना से आकाशवाणी के लिए राजेश शर्मा*

## मौसम

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के दस्तक देते ही राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। इससे तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है। बीते दिनों प्रदेश में हुई भारी बर्फबारी के चलते तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 82 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा 4 सौ 36 बिजली ट्रांसफार्मर और 62 पेयजल योजनाएं बंद है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते 2 फरवरी तक प्रदेश में बारिश और बर्फवारी की संभावना है।